Regarding Train connectivity form Gaya to Chandwa via Chatra

श्री काली चरण सिंह (चतरा) : आदरणीय सभापति महोदय, मैं पहली बार इस सदन में चुनकर आया हूं। मैं ऐसे लोक सभा क्षेत्र से आया हूं, जो देश की आज़ादी के बाद पहली बार उस लोक सभा क्षेत्र का रहने वाला कोई व्यक्ति सांसद बना है। इसलिए मैं वहां की जनता का बहुत आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही आपने पहली बार मुझे बोलने का समय दिया है, इसके लिए मैं आपका भी विनम्रता से आभार व्यक्त करता हूं।

देश की आज़ादी के 7 दशक से ज्यादा हो गए हैं। चतरा जिला मुख्यालय रेल नेटवर्क से नहीं जुड़ पाया है। 75 वर्षों से रेल सेवा के लिए जनता बार-बार आंदोलन करती रही और मांग करती रही है। फिर भी वह नहीं हो पाया है। मैं आपके माध्यम से आदरणीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि गया से चतरा होते हुए चंदवा तक रेल नेटवर्क से जोड़ने हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें। इस नेटवर्क के जोड़ने से कोयले की ढुलाई में, चूंकि हमारे लोक सभा क्षेत्र में कोयले के बहुत से प्रोजेक्ट्स हैं, जो दूरी तय करके देश के कई जगहों पर पावर प्लांट में ले जाते हैं, उनकी दूरी भी कम हो जाए तो अच्छा होगा।

दूसरा, हमारे यहां एक लातेहार जिला है। वहां कोरोना काल में ट्रेनें रुकती थीं, लेकिन कोरोना काल के बाद वहां ट्रेनें रुकनी बंद हो गई हैं। मैं विनम्रतापूर्वक आग्रह करता हूं कि उन क्षेत्रों में, जहां से ट्रेन गुजरती हैं, छंदवा, लातेहार, छिपादोहर और केचकी में ट्रेन रोकने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।